प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक: 19 अप्रैल 2026, गोरखपुर

गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय में दैनिक जागरण परिवार का रक्तदान शिविर आयोजित

गोरखपुर। सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए दैनिक जागरण परिवार द्वारा गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय ब्लड सेंटर के ब्लड वाहन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जागरण परिवार के सदस्यों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर में 25 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद रोगियों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

ब्लड सेन्टर प्रभारी डॉक्टर अवधेश अग्रवाल ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल जीवन बचाने में सहायक होते हैं, बल्कि समाज में सहयोग और सेवा की भावना को भी मजबूत करते हैं।

कार्यक्रम में संपादकीय टीम के सदस्यों सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे, जिनमें मदन मोहन सिंह (संपादक), रजनीश त्रिपाठी (इनपुट हेड), आशुतोष मिश्रा (चीफ रिपोर्टर), दुर्गेश त्रिपाठी, गजाधर द्विवेदी और सुभम त्रिपाठी सहित अन्य सहयोगियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस सफल आयोजन ने यह साबित कर दिया कि जब समाज के लोग एकजुट होकर पहल करते हैं, तो किसी भी नेक कार्य को बड़ी सफलता मिल सकती है।कार्यक्रम की सफलता के सूत्रधार रहे हैं तकनीशियन चंद्रेश्वर निधि गोविंद एवं आवासीय चिकित्सक